Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 7:06 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:13 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 301 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. शनिवार, 31 मई 2025




ऐश्वर्या से लेकर प्रियंका तक के...पेज-3 पर

# हर तरफ धुआं: संक्रामक बीमारी की चपेट में आकर दम तोड़ते युवा

**उत्तरांचल दीप**
**सलीम खान, हल्द्वानी**

सभ्यता के विकास के साथ आधुनिकता की जो आंधी चली है उससे हमारी जीवन शैली में काफी बदलाव आ गया है। भारत भर में करोड़ों व्यक्ति किसी न किसी रूप में धूम्रपान करते आ रहे हैं। धूम्रपान से फैलने वाले धुएं को अगर हमारे ऊपर मंडराती मौत की छाया कहें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

एक कड़वा सच तो यह है कि धूम्रपान के कारण ही मुंह के कैंसर से पीड़ित सर्वाधिक रोगी भारत में ही हैं। धूम्रपान एवं मद्यपान ऐसी बुरी लतें हैं जिनकी चपेट में आने के बाद युवाओं को इस बात का अहसास नहीं होता कि वे कदम-दर-कदम मौत के मुंह की ओर जा रहे हैं। सवाल यह पैदा होता है कि आखिर वे कौन-से कारण हैं जिनकी वजह से युवा इनका आदी हो जाता है। निश्चित तौर पर युवाओं में बढ़ती धूम्रपान-मद्यपान की लत आज केवल माता-पिता ही नहीं बल्कि समाज तक के लिए एक गंभीर खतरा बन गई है। इस बुराई के परिणामों से ऐसा नहीं है कि युवा वर्ग पूरी तरह से बेखबर हो बल्कि उसे इस बात का पूरा अहसास है कि प्रतिवर्ष हजारों लोग टी.बी. जैसी संक्रामक बीमारी की चपेट में आकर दम तोड़ देते हैं। एक अनुमान के अनुसार सारे देश में प्रतिवर्ष लगभग दस लाख लोग तंबाकू सेवन के कारण होने वाले रोगों का शिकार होकर मौत का ग्रास बन जाते हैं। इस तरह प्रतिदिन तकरीबन 300 लोगों की मृत्यु तंबाकू सेवन के कारण होती है। एक सर्वे के अनुसार भारत भर में दस वर्ष की आयु के ऊपर के लगभग 35 करोड़ लोग चाहे वह पुरुष हों या महिलाएं तम्बाकू का किसी न किसी रूप में सेवन करते हैं। लेकिन आज के दौर में युवाओं में नशे की लत कुछ ज्यादा ही बढ़ रही है। जिसके मूल में कोई ना कोई समस्या है, चाहे वह बेरोजगारी या असफल प्रेम प्रसंग की हो या परीक्षा में असफलता की हो मगर कुछ युवा फैशन के तौर पर भी नशे के आदी होते प्रतीत हो रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार फेफड़ों में होने वाले सभी प्रकार के कैंसर में लगभग नब्बे प्रतिशत कैंसर धूम्रपान की वजह से होते हैं। अनुमान है धूम्रपान करने वालों में हृदय रोग भी सामान्य की अपेक्षा दो गुना ज्यादा बढ़ सकता है। एक सिगरेट पीने से हमारी आयु साढ़े चार मिनट कम हो जाती है। सिगरेट में लगभग एक हजार प्रकार के रसायन होते हैं। मगर फिर भी हमारी युवा पीढ़ी, हमारे करोड़ों नागरिक किसी न किसी तरीके से इस मौत के धुएं के आदी हैं चाहे वह बीड़ी, सिगरेट या तम्बाकू ही क्यों न हो। हम यह भी नहीं कह सकते, हमने अपने आपको बदलने का कोई प्रयास नहीं किया। पर हमारा देश भी पश्चिमी देशों के समान भौतिकवादी युग में पहुंच गया है। प्राचीनकाल से भारतीय आध्यात्मिक विकास की दौड़ में, चरित्र निर्माण की दौड़ में आगे रहे हैं पर आज येन-केन प्रकारेण किसी भी तरह सब कुछ प्राप्त करो की दौड़ ने हमें कहीं का नहीं रखा है। अब हमको धूम्रपान के बारे में भाषण की जरूरत नहीं बल्कि कुछ गहराई से सोचना होगा। कम करना होगा धुएं में उड़ती जिंदगी को वरना धुएं के आदी करोड़ों लोग अपने आस-पड़ोस को भी धुएं में तैरते जहर का आदी बना डालेंगे।



## एसएसपी ने की नशे से दूर रहने की अपील

धूम्रपान का जिंदगी से बढ़ता खिलवाड़ कम करना होगा, चाहे आपसी समझाईश से हो या कठोर कानून के जरिए। वरना प्रतिवर्ष यों धूम्रपान निषेध दिवस मनाकर लम्बे-चौड़े भाषण के जरिए इसको मिटाने की कोई कोशिश कारगर नहीं होगी। परिवर्तन की आंधी आखिर चलनी चाहिए, वरना इस दिन को मनाने का कोई औचित्य न होगा। धुएं में तैरता जहर हमारी जिंदगी में यों ही विष घोलता रहेगा और हम चुपचाप जिंदगी से होती खिलवाड़ यों ही देखते रहेंगे। एसएसपी प्रहलाद मीणा ने अपने मातहतों सहित आमजन से नशे से दूर रहने की अपील की है।

## खतरा

- धूम्रपान के कारण ही मुंह के कैंसर से पीड़ित सर्वाधिक रोगी भारत में ही हैं
- तंबाकू सेवन के कारण होती है प्रतिदिन तकरीबन 300 लोगों की मृत्यु

## News कॉर्नर

### पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता अभियान संयुक्त रूप से चलाया जाएगा: सीडीओ

**हल्द्वानी** । जनपद नैनीताल में आगामी 5 जून से 16 जुलाई तक पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता अभियान संयुक्त रूप से चलाया जाएगा। इस अभियान की तैयारियों को लेकर जनपद की मुख्य विकास अधिकारी अनामिका सिंह की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी अनामिका सिंह ने कहा कि इस बार विश्व पर्यावरण दिवस को मतदाता जागरूकता से जोड़ते हुए वृहद वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाएगा। साथ ही निर्वाचन आयोग के समन्वयक अधिकारी ने जानकारी दी कि यह अभियान पर्यावरण दिवस (5 जून) से प्रारंभ होकर हरेला पर्व (16 जुलाई) तक हर एक बूंद एवं प्रत्येक वोट अमूल्य है की थीम पर चलाया जाएगा। बैठक में सभी अधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### जयपुर से आ रही कार हुई हादसे का शिकार, एक बच्चे की मौत, छह लोग घायल

**कोटद्वार।** कोटद्वार में शनिवार को दर्दनाक हादसा हो गया। बीरोंखाल में एक कार हादसे का शिकार हो गई। हादसे में आठ साल के एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं, छह लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, दिल्ली से रसिया महादेव के ग्राम नऊ में शादी समारोह में शामिल होने जयपुर से आ रही कार गांव पहुंचने से कुछ दूरी पर अनियंत्रित होकर ऊपर की सड़क से नीचे की सड़क पर जा गिरी। आवाज सुनकर लोग दुर्घटना स्थल की ओर भागे व घायलों को कार से बाहर निकाला। लेकिन आठ वर्षीय बालक अभि पुत्र आशीष गुसांई की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों अशीष गुसांई(36), मीनाक्षी देवी(34) पत्नी आशीष गुसांई, अंशिका(20) पुत्री दान सिंह ,रूची देवी(32) पत्नी संदीप पटवाल ,रूही(12) पुत्री संदीप पटवाल को उनके परिजन इलाज के लिए रामनगर ले गए। एक अन्य घायल की पहचान नहीं हो पाई है।

पीएम मोदी के भाषण की बड़ी बातें

# आतंकियों ने नारीशक्ति को चुनौती दी, यही उनका काल बना

**नई दिल्ली/भोपाल**
**एजेंसी**



भोपाल में आज देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य महिला सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें दो लाख महिलाओं के आने का दावा किया गया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आयोजन में शरीक हुए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहला महिला सम्मेलन है।

मध्य प्रदेश के भोपाल में प्रधानमंत्री मोदी ने लाखों बहनों को संबोधित किया। देवी अहिल्या की 300वीं जन्म जयंती पर उनका भाषण महिला शक्ति पर केंद्रित रहा। उन्होंने देश के विकास से लेकर, देश की सुरक्षा में महिलाओ के बढ़ते योगदान को बताया। पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कहा कि सबसे पहले मैं मां भारती को भारत की मातृशक्ति को प्रणाम करता हूं। आज यहां इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें-बेटियां हमें आशीर्वाद देने आई हैं। मैं आप सभी बहनों के दर्शन पाकर धन्य हो गया हूं। भाइयों-बहनों, आज लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्मजयंती है। 140 करोड़ भारतीयों के लिए ये अवसर प्रेरणा का है। राष्ट्र निर्माण में हो रहे भगीरथ प्रयासों में योगदान देने का है। देवी अहिल्या कहती थीं, शासन का सही अर्थ जनता की सेवा करना और उनके जीवन में सुधार लाना होता है। आज का कार्यक्रम उनकी सोच को आगे बढ़ाता है। आज इंदौर मेट्रो की शुरुआत हुई है, दतिया और सतना हवाई सेवा से जुड़ गए हैं। ये प्रोजेक्ट विकास को गति देंगे, रोजगार के नए अवसर बनाएंगे। मैं आज विकास के इन सारे कामों के लिए आप सबको, पूरे मप्र को बहुत बहुत बधाई देता हूं। साथियों, देवी अहिल्या का नाम सुनते ही श्रद्धा का भाव उमड़ता है। उनके व्यक्तित्व के बारे में बोलने पर शब्द कम पड़ जाते हैं। साथियों लोकमाता अहिल्याबाई ने प्रभुसेवा और जनसेवा, इसे कभी अलग नहीं माना, कहते हैं वे हमेशा शिवलिंग साथ लेकर चलती थीं। चुनौती पूर्ण कालखंड में, कोई कल्पना कर सकता है, कांटों से भरा ताज पहनने जैसा काम।

# थाना प्रभारी नीरज भाकुनी, विजय मेहता, कुलदीप कुमार बने इंस्पेक्टर

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड पुलिस विभाग में महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लेते हुए 57 उपनिरीक्षकों को निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नति देते हुए कोतवाल के पद से नवाजा गया है।

पदोन्नति मिल सारे दरोगाओ में खुशी की लहर दौड़ गई। पुलिस महानिदेशक मुख्यालय द्वारा जारी आदेश के तहत यह पदोन्नति प्रक्रिया चयन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत की गई है, जिसे उत्तराखंड पुलिस उपनिरीक्षक एवं निरीक्षक सेवा नियमावली 2018 और उसके 2024 के संशोधित प्रावधानों के आधार पर अमल में लाया गया। पदोन्नति पाने वाले अधिकारियों में उत्तरकाशी, नैनीताल, हरिद्वार, देहरादून, अल्मोड़ा, चमोली, टिहरी, पौड़ी, ऊधमसिंहनगर, चम्पावत, रुद्रप्रयाग, जीआरपी, साइबर थाना और पुलिस मुख्यालय के अधिकारी शामिल हैं। महिला उपनिरीक्षक पुनीता बलोदी और प्रियंका भारद्वाज को भी निरीक्षक के रूप में पदोन्नत किया गया है, पदोन्नति में बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी, मुखानी थाना प्रभारी विजय मेहता, चमोली के ज्ञान सिंह में तैनात कुलदीप कुमार को कोतवाल पद से नवाजा गया है जिससे महिला शक्ति को नई जिम्मेदारी मिली है। नए निरीक्षकों की स्थायी नियुक्ति उन्हीं को दी जाएगी जिन्होंने विहित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया हो, जिनका कार्य संतोषजनक हो और जिनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित हो। इस आदेश पर पुलिस महानिरीक्षक (कार्मिक) डॉ. योगेन्द्र सिंह रावत द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं।



# बनभूलपुरा क्षेत्र में देर रात युवक की पत्थर से कुचलकर की हत्या

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

पति पत्नी के बीच वो आ गया पति ने पत्नी के वो को पत्थर से सिर कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। वो की हत्या के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हत्या आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

गौजाजाली के थाना बनभूलपुरा क्षेत्र इलाके में देर रात एक युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही रात में ही पुलिस मौके पर पहुंची। और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवाया। जांच में जुट गई जांच में सामने आया है कि यह खौफनाक वारदात अवैध संबंधों के शक को लेकर अंजाम दी गई है। सूत्रों के अनुसार मृतक की पहचान 26 वर्षीय तरुण रावत पुत्र राधेश्याम रावत निवासी राजेंद्र नगर राजपुरा गली न.3 था । सूत्रों की माने तो तरुण का हत्या आरोपी की पत्नी के साथ नाजायज संबंध था। जिससे आरोपी पति अपनी पत्नी से नाराज चल रहा था। इसी वजह से उसने अपने घर आए तरुण को देर रात पत्थर से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना की पुष्टि करते हुए सीओ नितिन लोहनी ने बताया कि देर रात करीब ढाई बजे पुलिस को घटना की सूचना मिली, जिसके बाद फॉरेंसिक टीम सहित मौके पर भारी संख्या में पुलिस कर्मी पहुंचे। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ और साक्ष्यों से साफ है कि हत्या व्यक्तिगत रंजिश के चलते की गई। फिलहाल पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच में जुटी है और आरोपित से पूछताछ की जा रही है। बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने बताया कि तहरीर आने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा उन्होंने यह भी बताया कि मृतक तिकोनिया स्थिति शराब कैंटीन चलता था।




## महिला ने ही मृतक के छोटे भाई को फोन किया-भाई को बचा लो



मृतक तरुण रावत के पिता राधे श्याम ने बताया कि तरुण के पास गीता साहू का उस वक्त फोन आया जब वह कैंटीन से आकर घर में खाना खा रहा था लगभग गीता का रात 11:40 पर फोन आया तभी वह खाना छोड़कर घर से निकल गया। राधेश्याम ने यह भी बताया कि करीब रात 2:46 बजे उसके छोटे पुत्र शिवराज के पास किसी का फोन आया कि तरुण की हत्या हो गई है। यह सुन परिजनों के होश उड़ गए। राधे श्याम का कहना है कि गीता से उसके पुत्र से 14 वर्षों से अवैध संबंध थे। उसका महिला के परिवार का भरण पोषण उसका पुत्र तरुण ही करता था। मृतक के पिता का आरोप है कि गीता ने ही अपने पति के साथ मिलकर उसके पुत्र की हत्या कराई है।

...हत्यारोपी की पत्नी से थे पेज 4 पर

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारम्भ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल ब्लाक के कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलीकोट में शुक्रवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह नेगी (प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा) द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने सभी मौजूद काश्तकारों का आह्वान किया कि वह सरकार की ओर से चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।



इस मौके पर केन्द्र प्रभारी अधिकारी डा0 सी0 तिवारी द्वारा कार्यक्रम में आये हुए सभी अधिकारियों, वैज्ञानिकों तथा कर्मचारियों एवं कृषकों का स्वागत किया गया एवं पर्वतीय क्षेत्रों के लिये उपयुक्त सस्य कियाऐं एवं मृदा संरक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी वहीं डा0 कंचन नैनवाल (प्राध्यापक सस्य विज्ञान) द्वारा मोटे अनाजों की जैविक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया जबकि डा0 बलवान सिंह (प्राध्यापक पशुपालन) द्वारा दुधारू पशुओं की देखभाल व समयानुसार टीकाकरण व पशु प्रवन्धन एवं कुक्कुट प्रवन्धन को आवश्यक बताते हुए पर्वतीय कृषकों के लिए कृषि के साथ साथ अतिरिक्त आयोपार्जन का सर्वोपरि साधन बताया गया।

इस मौके पर डा0 विजय कुमार सिंह द्वारा पर्वतीय क्षेत्र में शीत जल मत्स्य पालन की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जबकि डा0 सुधा जुकारिया एवं डा0 शशि तिवारी द्वारा पर्वतीय कृषक महिलाओं को स्वयं सहायता समूह गठन के माध्यम से विभिन्न आयोपार्जन, कार्यमोमबत्ती, कला निर्माण, गुलाल बनाना, धूपबत्ती एवं कपूर बनाने के साथ साथ कृषि में श्रम एवं समय की बचत करने वाले कृषि यंत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई। डा. रितु टम्टा (मुख्य कृषि अधिकारी नैनीताल) द्वारा जनपद के कृषकों की कृषि से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान किया गया। डा0 राजीव कुमार (विकास खण्ड प्रभारी भीमताल) द्वारा कृषि सम्बन्धित वर्तमान में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारे मे जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डा0 हेमा राठौर (वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी), डा0 वर्षा पंत( न्याय पंचायत अधिकारी ज्योलीकोट) दिव्या भट्ट, श्रद्धा तिवारी व विशाल कुमार (एएओ), कमल किशोर पंत (कृषि विभाग), डा दीपक कुमार (प्रभारी इफ को नैनीताल) समेत डा. भावना जोशी, डा. सी.बी. सिंह एवं डा सुरिन कौर व डा0 शिल्पी रावत द्वारा पादप सुरक्षा, पशुपालन, मौन पालन तथा खाद्य सुरक्षा एवं प्राकृतिक खेती विषयों पर कृषकों को नवीनतम वैज्ञानिक जानकारी प्रदान की गई।

हरगोविन्द सिंह रावत प्रशासक सरियाताल एवं पुष्कर जोशी द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। कार्यक्रम के संचालन में केन्द्र के डा. राकेश मेर, दीप कुमार, कमला सत्यपाल लोहनी, मनोज कुमार, गोविन्दी देवी एवं सुमित कुमार ने अहम सहयोग दिया।

## NEWS / फटाफट

### शाहिद रहमान की सेवानिवृति पर विदाई समारोह का विशेष आयोजन



**नैनीताल** । भारतीय जीवन बीमा निगम के सहायक मंडल प्रबंधक शाहिद रहमान की सेवानिवृति पर निगम परिवार नैनीताल की ओर से विदाई समारोह का विशेष आयोजन किया गया। इस मौके पर निगम के अधिकारियों व कर्मियों तथा अभिकर्ताओं ने उनके कार्यकाल की भूरी-भूरि सराहना की। इस दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ जीवन व दीर्घायु की विशेष कामना की गयी। बता दें शाहिद रहमान (एडीएम कैंडर) ने निगम में वर्ष 4 नवम्बर 1989 से अपनी सेवाएं शुरु की, इन 36 वर्षो में वह निगम में विभिन्न पदों पर तैनात रहे। इस दौरान उनका कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा। विदाई समारोह के दौरान निगम के शाखा प्रबंधक जीतेंद्र सिंह दसौनी समेत मुकेश साह,के.सी.तिवारी, हरीश गुणवंत, बालम सिंह मेहरा, कमल सिंह, हसन रजा, विनीता बिष्ट, पूरन सिंह अधिकारी, राजू, खजान सिंह डंगवाल, डीएस बोरा, जेएस बोरा, बी.आर.टम्टा, सी.एस.भट्ट, रीता पांडे, के.एस.बिष्ट, राम सिंह बोरा, अनीता जोशी, सोनिया प्रसाद, शैलू जोशी तथा जानकी मौजूद रहे।

### विद्युत बिलों का भुगतान को नोटिस जारी किया

**नैनीताल** । अनुबन्ध पत्र के अनुसार स्ट्रीट लाईट संयोजनों के विद्युत बिलों का भुगतान करने के लिए अधिशासी अभियन्ता एस.के. सहगल ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है 21 मार्च को कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत चल रहे 17 स्ट्रीट लाईट के लम्बित विद्युत बिलों के भुगतान के लिए उप जिलाधिकारी नैनीताल के समक्ष उनके कार्यालय में उपजिलाधिकारी की मध्यस्थता में पालिका की सहमति के पश्चात एक संयुक्त विभागीय अनुबन्ध पत्र पर हस्ताक्षर हुए थे जिसके अनुसार लम्बित विद्युत बिलों को किस्तवार तथा वर्तमान विद्युत बिलों को प्रतिमाह जमा करने के लिए सहमति बनी थी लेकिन पालिका द्वारा अब तक लम्बित बिलों की किस्त तथा वर्तमान विद्युत बिलों की धनराशि का भुगतान नही किया गया है। कहा है कि माह 4 के विद्युत बिलों की धनराशि रूपया 39182280.00 का भुगतान शीघ्र जमा करें अन्यथा अनुबन्ध पत्र के अनुसार स्ट्रीट लाईट के विद्युत बिलों का भुगतान नहीं होने पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 सेक्शन 56 (1) के अन्तर्गत विद्युत संयोजनों को 8 जून को विच्छेदित कर दिया जायेगा जिससे शहर में होने वाली किसी भी अप्रिय घटना के लिए पालिका स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### अवैध फेरी वालों के खिलाफ अभियान

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल क्षेत्र में अवैध रूप से फेरी लगाकर सामान बेचने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत शुक्रवार को 13 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। बता दें कि पुलिस को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि मल्लीताल क्षेत्र में पंत पार्क समेत मॉल रोड,मां नयना देवी मंदिर और डीएसए मैदान जैसे स्थानों पर बिना अनुमति के लोग फेरी लगाकर व्यापार कर रहे हैं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की अलग.अलग टीमों ने अभियान चलाकर इन क्षेत्रों से कई फेरी वालों को पकड़ा और उन्हें उनके सामान सहित कोतवाली लाया गया। पूछताछ में पाया कि ये लोग बिना किसी वैध अनुमति फेरी लगाकर व्यापार कर रहे थे। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि अवैध रूप से फेरी लगाने वाले 13 लोगों का चालान किया गया है। नैनीताल में करीब 50 से अधिक लोग अवैध रूप से फेरी लगाकर व्यापार कर रहे हैं।

### मानसून की तैयारियों को लेकर आयोजित कार्यशाला में पहुंचे सीएम धामी, सभी पहलुओं पर होगी चर्चा

**देहरादून**। उत्तराखंड राज्य आपदा प्राधिकरण की ओर से आज देहरादून में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में सीएम धामी भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रशासन के सभी लोग मानसून से पहले की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं... हम आपदाओं को रोक नहीं सकते हैं लेकिन उनके प्रभाव को कम कर सकते हैं। इसी दृष्टि से आज कार्यशाला का आयोजन हुआ है। इसमें सभी पहलुओं पर दिन भर चर्चा होगी। निष्कर्ष पर कार्रवाई की जाएगी।



# ग्रीष्म नाट्य महोत्सव के प्रति दर्शकों का काफी उत्साह बढ़ रहा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

लीलाधर भट्ट कल्याण समिति उत्तराखंड एवं मंच आर्ट एंड थिएटर डेवलपमेंट सोसाइटी नैनीताल के तत्वावधान में चल रहे ग्रीष्म नाट्य महोत्सव के प्रति दर्शकों का काफी उत्साह बढ़ रहा है। महोत्सव के तहत लगातार तीन दिन तक दिल्ली से आई हुई 5 एलिमेंट्स की टीम ने अपना प्रसिद्ध नाटक पड़ोसन का मंचन किया जिसे दर्शकों ने काफी सराहा। नाटक के सभी कलाकारों ने अपने किरदारों को बहुत ही अच्छे से निभाया व दर्शकों को खूब गुदगुदाया। इस हास्य नाटक का दर्शकों ने खूब जमकर आनंद लिया और कलाकारों की बहुत सराहना की। नाटक की समाप्ति के बाद यहां के रंग कर्मियों के द्वारा मंच संस्था की सचिव व मंच संस्था के आयोजक इद्रीस मलिक की पत्नी कवल मलिक को स्मरण किया व आये हुए कलाकारों को ओशीन मलिक, विनोद देशपांडे, मिथिलेश पांडे, मदन मेहरा व कौशल साह ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बता दें महोत्सव आगामी 30 जून तक जारी रहेगा।

# राजभवन में धूमधाम से गोवा राज्य का स्थापना दिवस मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के राजभवन में शुक्रवार को गोवा राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर उत्तराखण्ड में रह रहे गोवा प्रदेश के निवासियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने प्रतिभाग करते हुए उपस्थित गोवा के निवासियों से संवाद किया और पूरे प्रदेश को स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि केंद्र द्वारा सभी राज्यों के स्थापना दिवस को प्रत्येक राज्य में मनाए जाने का निर्णय लिया गया है जो कि बहुत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारत की विविधता को एकता के रूप में दर्शाते हैं साथ ही हम सब को एक परिवार के रूप में जोडने का कार्य करते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि गोवा अपने अद्वितीय समुद्र तटों, प्राकृतिक दृश्यों और सांस्कृतिक विविधता को संजोए हुए है। क्षेत्रफ ल में भारत का सबसे छोटा राज्य होने के बावजूद यह राज्य पर्यटकों के लिए बेहद आकर्षण का केंद्र है।

कार्यक्रम में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव तथा उत्तराखण्ड में रह रहे गोवा प्रदेश के निवासी साइमन फ र्नांडिस, मार्क डिसूजा, सुषमा मार्गरेट डिसूजा तथा सोनी फर्नांडिस आदि उपस्थित रहे।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्सः05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# काशीपुर हाइवे पर बोलेरो की टक्कर से बुलेट सवार युवक की हुई मौत

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

काशीपुर हाईवे पर बुलेट में बोलेरो की पीछे से टक्कर लग गई। इससे बुलेट सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजनों और तीमारदारों ने हंगामा किया।

हंगामा की सूचना पर पुलिस मौके पर चौकी प्रभारी रम्पुरा प्रदीप कुमार कोहली पहुंचे। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को बमुश्किल शांत कराया। पुलिस के मुताबिक विजय नगर दिनेशपुर निवासी 27 वर्षीय करमजीत सिंह पुत्र करनैल सिंह शुक्रवार रात बुलेट से घर जा रहे थे। इसी बीच काशीपुर हाइवे पर दानपुर कट के पास बोलेरो ने बुलेट को पीछे से टक्कर मार दी। इससे बुलेट सवार करमजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसका पता चलते ही मृतक के परिजन और तीमारदार अस्पताल पहुंचे। इस दौरान लोगों ने अस्पताल के चिकित्सक पर करमजीत सिंह के उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा काटना शुरू कर दिया। जिससे अस्पताल में अच्छा खासा हंगामा हो गया। सूचना पर रम्पुरा चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार कोहली पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही लोगों का समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।

बाद में पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। एसएसआइ ललित मोहन रावल ने बताया कि बोलेरो कब्जे में ले लिया गया है। बोलेरो चालक जाफरपुर निवासी है। तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# वीरशिबा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के समर कैंप का समापन सहारोह



**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

वीरशिबा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, हल्द्वानी में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मॉर्निंग जुंबा से हुई, जिसमें बच्चों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया।

समर कैंप में बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी सभी एक्टीविटी में बढ चढ के प्रतिभाग किया। समर कैंप में एचओडी अनीता बिष्ट, सिनीयर कॉडिनेटर मिस निशी वर्मा, जूनियर कॉडिनेटर एकता भाकुनी ने सलाहकार के0दत्त के निर्देशन में बच्चों के लिए कई सारी एक्टीविटीस प्लान की जैसे कि आर्ट एंड क्राफ्ट, वेस्टन डांस, क्लासिकल डांस, गिटार, स्किट, क्रिकेट, बास्केट बॉल, वॉलीवॉल, शतरंज, टी0टी0, और बेटमिंटन।

सात दिवसीय समर कैंप में बच्चों ने आर्ट एवं क्राफ्ट में फैब्रिक पैंटिंग, ब्लॉक पैटिंग, नेम प्लेट, चारकॉल पैटिंग, पेपर फँलावर, एनवलप लोक नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, वेस्टन डांस, क्लासिकल डांस, स्केटिंग, गिटार, स्किट, क्रिकेट, बास्केट बॉल, वॉलीवॉल, शतरंज, टी0टी0, और बेटमिंटन इत्यादि विषयों के गुर सीखे।

समापन समारोह में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्या मीना सती, उपप्रधानाचार्य एच0एस0 बब्बर, एडमिनिस्ट्रेटर निशा सिंह और एच0ओ0डी0 अनीता बिष्ट सर्टिफिकेट वितरण कर उनकी सहभागिता की सराहना की गई। समर कैंप में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरण कर उनकी सहभागित की सराहना की गई। संस्थापिका निरुपमा भट्ट तलवार एवं प्रबन्धक तिलक राज तलवार प्रधानाचार्या श्रीमती मीना सती, उपप्रधानाचार्य श्रीमान् एच0एस0 बब्बर, एडमिनिस्ट्रेटर निशा सिंह, एवं सभी अध्यापकगण उपस्थित थे।

# अभिमत



## सत्ता की भूख

***राहुल गांधी ने कहा कि निजी संस्थानों में आरक्षण लागू होने तक लड़ाई जारी रहेगी और उच्च पदों पर दलित वर्ग की उचित भागीदारी नहीं है। देश में 90 फीसदी एससी-एसटी, पिछड़ा, अल्पसंख्यक आबादी के लिए कोई स्थान नहीं है। देश का सारा धन दस प्रतिशत लोगों के पास है और 90 प्रतिशत आबादी वंचित है। निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाये। कटु सत्य यह है कि जातिवादी आरक्षण से सरकारी क्षेत्र बर्बाद हो गया है। निजी संस्थानों ने अर्थव्यवस्था को संभालकर रखा है। सत्ता की भूख के लिए राहुल गांधी जातिवाद भड़काना चाहते हैं।***

सरकारी विभागों में जातिवादी आरक्षण से विकृति उत्पन्न हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि निजी संस्थानों में आरक्षण लागू होने तक लड़ाई जारी रहेगी और उच्च पदों पर दलित वर्ग की उचित भागीदारी नहीं है। देश में 90 फीसदी एससी-एसटी, पिछड़ा, अल्पसंख्यक आबादी के लिए कोई स्थान नहीं है। देश का सारा धन दस प्रतिशत लोगों के पास है और 90 प्रतिशत आबादी वंचित है। निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण लागू किया जाये। कटु सत्य यह है कि जातिवादी आरक्षण से सरकारी क्षेत्र बर्बाद हो गया है। निजी संस्थानों ने अर्थव्यवस्था को संभालकर रखा है। सत्ता की भूख के लिए राहुल गांधी जातिवाद भड़काना चाहते हैं। बिहार में विधानसभा चुनाव में जातिवाद का सहारा लेना चाहते हैं। दरभंगा के आंबेडकर छात्रावास में शिक्षा न्याय संवाद में राहुल गांधी प्रशासन की अनुमति नहीं मिलने पर भी पहुंचे और जातिवाद की नफरत पैदा करनी चाही। दलितों को निजी संस्थानों में आरक्षण की याद राहुल गांधी को चुनाव के समय ही आई है। उधर कांग्रेस आरोप लगा रही है कि दलित छात्रों के साथ संवाद से राहुल गांधी को रोकना तानाशाही है। भाजपा पर ओछी राजनीति का आरोप लगाया। चुनाव के दौरान आरोप-प्रत्यारोप मामूली बात है। मुख्य मुद्दा आरक्षण नीति का है। आजादी के बाद पांच दशक से अधिक समय तक कांग्रेस सत्ता में रही और सरकारी विभागों में आरक्षण लागू रहा। राहुल गांधी के परिवार के सदस्य सत्ता में रहे। इसके बाद भी राहुल गांधी कह रहे हैं कि उच्च पदों पर दलित वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिला है। सवाल यह कि इसके लिए कौन जिम्मेदार है? कांग्रेस सत्ता में रही, इसलिए राहुल खुद कठघरे में खड़े हैं। यह कहना अनुचित होगा कि सरकारी क्षेत्र के सभी कर्मचारी अकर्मण्य हैं, परन्तु अधिकतर कर्मचारियों का कार्य संतोषजनक नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भ्रष्टाचार के मामले में जीरो टॉलरेंस की घोषणा की है। केन्द्र और भाजपा शासित राज्यों में वित्तीय घोटाले नहीं हो रहे हैं, परन्तु रिश्वत लेते कर्मचारी से लेकर अफसर तक आये दिन पकड़े जा रहे हैं। बिना लेन-देन के सरकारी विभाग में कार्य कराना असंभव नहीं, तो कठिन अवश्य है। आरक्षित वर्ग के कर्मचारी तो अपने अधिकारी तक के आदेश को मानने के लिए राजी नहीं होते हैं। निजी संस्थानों में आरक्षण लागू करना राष्ट्र व जन हित में नहीं होगा। जातिवादी दुर्भावना से हिंसा की घटनाएं बढ़ सकती हैं।

# 20वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का शुभारंभ

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



राजभवन गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा आयोजित 20वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट शुक्रवार से शुरू हो गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने टी.ऑफ कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

बता दें कि तीन दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में देशभर से इस वर्ष रिकॉर्ड 177 गोल्फ र प्रतिभाग कर रहे हैं। टूर्नामेंट के पहले दिन यानी शुक्रवार को 70 गोल्फ र(6 महिलाएं, 46 सामान्य वर्ग एवं 18 जूनियर गोल्फर) शामिल थे। शुभारंभ के अवसर पर राज्यपाल ने एशियाई खेलों के गोल्फ स्वर्ण पदक विजेता तथा अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अमित लूथरा तथा पद्मश्री एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित जफ र इकबाल तथा स्कूली बच्चों सहित देश के अलग.अलग हिस्सों से आए गोल्फरों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन किया। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स का नैसर्गिक सौंदर्य अपने आप में अलग है देश के विभिन्न भागों से यहां आने वाले खिलाड़ी गोल्फ खेलने के साथ ही उत्तराखण्ड की नैसर्गिक सुंदरता और यहां के पर्यटन स्थलों का भी लुत्फ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि देश एवं विदेश से यहां गोल्फर आएं और यहां खेलने के साथ.साथ यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ लें। राजभवन गोल्फ कोर्स खेल तथा प्रकृति और आत्मिक शांति का संगम है। जहां खेलना एक अलग ही अनुभव मिलता है। राज्यपाल ने कहा कि गोल्फ टूर्नामेंट में 6 वर्ष के बच्चे और 80 वर्ष तक के सुपर वेटरन खेल रहे हैं जिससे टूर्नामेंट की रोचकता बढ़ी है। कहा कि यह टूर्नामेंट केवल एक खेल आयोजन नहीं बल्कि फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसी पहलों का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स प्राकृतिक सौंदर्य आध्यात्मिकता और खेल का अनोखा संगम है। उन्होंने कहा कि हाल ही में आयोजित बर्ड वॉचिंग सत्र में यहां 160 से अधिक पक्षियों की प्रजातियाँ देखी गईं जो गोल्फ कोर्स के सौंदर्य को और भी बढ़ाता है। इस मौके पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, आयुक्त कुमाऊँ मंडल दीपक रावत, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, उत्तरांचल गोल्फ फेडरेशन के अध्यक्ष मेजर जनरल संजय पुरी, परिसहाय श्री राज्यपाल अमित श्रीवास्तव तथा मेजर सुमित कुमार, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, गोल्फ कैप्टन कर्नल (रिटायर्ड) विवेक भट्ट सहित स्थानीय प्रशासन के अधिकारी तथा टूर्नामेंट के प्रायोजक व सहप्रायोजक संस्थानों के प्रतिनिधि और गोल्फ र्स उपस्थित रहे।

## बाइक सवार दो लोगों से बदमाशों ने मोबाइल लूटे

**किच्छा।** सिडकुल सितारगंज जा रहे बाईक सवार दो लोगों पर पांच बदमाशों ने हमला कर घायल कर दिया। बदमाश दोनो को अधमरा कर उनके मोबाइल लूट कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंच सीसीटीवी कैमरे खंगाले। घायलों को सीएचसी में भर्ती करवाया गया। अखिलेश कुमार उपाध्याय पुत्र सुभाष चंद्र निवासी सोढ़ी कॉलोनी डिबडिबा रामपुर उत्तर प्रदेश अपने साथी रामेश्वर मिश्रा पुत्र प्रह्लाद मिश्रा बनकट रोहारी सिगरीगढ़ के साथ बाईक से किसी काम से सिडकुल सितारगंज जा रहे थे। सुबह लगभग साढ़े आठ बजे पुलभट्टा थाना अंतर्गत शक्तिफार्म मार्ग पर दो बाइकों सवार पांच बदमाशो ने जंगल के सुनसान क्षेत्र में दिनदिहाड़े उनको घेर बाईक रोक ली और हमला कर अधमरा कर दिया। बदमाश उनके मोबाइल छीन कर फरार हो गए। उधर से निकलते राहगीरों ने घायलों को सड़क पर पड़ा देख आपातकाल सेवा 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा में भर्ती करवाया। तब तक दोनो घायलों के साथी भी वहां आ गये।

# खातों से करोडो की ठगी करने वाले शातिर गैंग का खुलासा, दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



कोतवाली पुलिस ने एक शातिर साईबर ठग गैंग का खुलासा करते हुए दो ठगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों ठग लोगों को फंसाकर उनके खातों से नगदी उड़ाते थे। पुलिस के मुताबिक 29 मई 2025 को हरबंस लाल पुत्र स्व भोगी राम हाल निवासी शान्ति कालोनी वार्ड 16 रूद्रपुर ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि 19 मई 2025 को वह भारतीय स्टेट बैंक रूद्रपुर शाखा किच्छा रोड के खाते से 19 मई 25 को 49,999.99 रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधडी कर निकाल लेने के आधार पर थाना पंतनगर में पंजीकृत किया गया था। एसएसपी ने धोखाधडी की घटन को गंभीरता से लेते हुये खुलासा के लिए पुलिस टीमें का गठन किया गया। पुलिस टीम ने साईबर सैल व सर्विलांस की मदद से संदिग्धो से पुछताछ की गई। 30 मई 2025 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मनोज सैनी पुत्र बाल किशन निवासी मौहल्ला पक्का कोट,सैनी कालौनी ,नियर कार पार्किंग,काशीपुर तथा अजय सैनी पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी जसपुर खुर्द ,शगुन गार्डन के पास काशीपुर को पकड लिया। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपने दो अन्य साथी पुष्पेन्द्र व सतपाल के साध मिलकर आनलाईन गेमिंग का पैसा कमाने का लालच देकर घटना को अंजाम देना बताया गया। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि गैंग के फरार पुष्पेन्द्र और सतपाल की तलाश की जा रही है। ?दोनो जनपद मुरादाबाद के निवासी हैं।

पुलिस के मुताबिक उत्तर प्रदेश, आसाम,गुजरात,महाराष्ट्रा,राज्स्थान पंजाब, पश्चिम बंगाल, तेलांगना में भी संदिग्ध खाता से भी धनराशि की धोखाधडी कर अर्जित की गई है।

# फिल्मी दुनिया

## ऐश्वर्या से लेकर प्रियंका तक के इन जवाबों ने बनाया उन्हें मिस वर्ल्ड




*मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता 2025 का आज शनिवार को ग्रैंड फाइनल है, जिसमें हमें इस बार के विजेता का पता लगेगा। जानिए कि अभी तक भारतीय विजेताओं के किन जवाबों ने दिलाया उन्हें खिताब। हैदराबाद में आज यानी शनिवार को 72वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता के ग्रैंड फाइनल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हमें इस बार के विजेता का नाम पता लगेगा। 1951 से आयोजित हो रहे इस प्रतियोगिता में अभी तक 6 भारतीय महिलाएं इस खिताब को अपने नाम कर चुकी हैं। इस प्रतियोगिता में सभी स्तर पर प्रतियोगी को आंका जाता है, जिसमें उनकी सुंदरता, कॉन्फिडेंस और इंटेलिजेंस लेवल शामिल हैं। आइए जानते हैं कि उन विजेता महिलाओं ने पूछे गए सवालों के क्या जवाब दिए, जिसने उनकी जीत सुनिश्चित की। 1966 का वो साल था, जब भारत से पहली बार किसी महिला ने मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया था। वो महिला कोई और नहीं, बल्कि रीता फारिया थीं, जो एक डॉक्टर हैं। रीता से जूरी ने सवाल किया कि वो डॉक्टर क्यों बनना चाहती हैं। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने भी साल 1994 में मिस वर्ल्ड के खिताब को अपने नाम किया था। अभिनेत्री से जूरी सदस्यों द्वारा सवाल किया गया कि वह मिस वर्ल्ड बनकर वह क्या करेंगी और एक मिस वर्ल्ड में क्या खास होना चाहिए। इसके जवाब में एक्ट्रेस ने कहा कि खिताब जीतने के बाद वह अपनी जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगी। साथ ही कहा कि विजेता एक सच्चा और निष्पक्ष इंसान होना चाहिए, जो किसी में भेदभाव ना करता हो।*

### भारत का मान बढ़ाया

*देसी गर्ल से मशहूर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने साल 2000 में इस खिताब को अपने नाम किया था और भारत का मान बढ़ाया था। अभिनेत्री से प्रतियोगिता के दौरान सवाल किया गया कि इस प्रतियोगिता को लेकर उन पर दबाव कैसा है और वो सबसे सफल महिला किसे कहती हैं। इसके जवाब में एक्ट्रेस ने कहा कि उन पर किसी तरह का दबाव नहीं है, क्योंकि वह कई प्रतियोगियों से प्रेरित हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वह मदर टेरेसा को सबसे सफल मानती हैं क्योंकि उन्होंने पूरी जिंदगी लोगों की भलाई की और उनकी एक मुस्कान के लिए पूरी जिंदगी खपा दी।*

# जिला अग्रणी बैंक प्रबंधन समन्वय समिति की तिमाही बैठक

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

जिला अग्रणी बैंक प्रबंधन समन्वय समिति की तिमाही बैठक शुक्रवार को नगर निगम सभागार हल्द्वानी में मुख्य विकास अधिकारी अनामिका की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों और बैंकों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और विकास लक्ष्यों को गति देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विभिन्न विभागों और बैंकों द्वारा प्रस्तुत प्रगति रिपोर्टों की गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और बैंक प्रतिनिधियों को उनके संबंधित स्तर पर सभी लंबित मामलों का तत्काल निपटान करने और जनहितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के विभिन्न विकल्पों की खोज करने और किसानों को आसान ऋष्ठा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी संभव प्रयास किए जाने चाहिए।



# जाति सूचक शब्दों के साथ गाली गलौच पर अम्बेडकरवादी संगठन में आक्रोश

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

अम्बेडकरवादी संगठनों का एक शिष्ट मंडल कालाखेत गया, क्योंकि 24 मई को भरे बाजार में एक सामान्य जाति के नंदन सिंह खाती द्वारा बहुजन समाज के धारा बल्लभ को प्रतिबंधित जाति सूचक शब्दों के साथ गाली गलौच तथा बहन बेटी की बेइज़्ज़ती करने की बात कहते हूए नई स्कूटी भी लाठी और पत्थरों से तोड़ दी साक्ष्य के रूप में पीड़ित ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी, और 26 मई एफआईआर दर्ज करने के लिए देदी परन्तु कार्रवाई न होने से आहत होकर दिनांक 27 मई को पीड़ित ने भीम आर्मी और मूलनिवासी संघ को लेटर भेज कर मदद की गुहार लगाई, वायरल



वीडियो को देखकर अन्य अम्बेडकरवादी संगठन में आक्रोश उत्पन्न हो गया और 29 मई को डॉ0 अम्बेडकर जयंती समारोह समिति द्वारा समस्त अम्बेडकर वादी संगठनों की एक सभा का आयोजन डॉ0 अम्बेडकर आदर्श विद्यालय दमुवाढूंगा में की गई जिसमे सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया कि सभी संगठनों में से कोई न कोई अवश्य जायेगा, उक्त निर्णय को मानते हूए बामसेफ, बी एस पी, भीम आर्मी, मूलनिवासी संघ तथा अम्बेडकर युवा संगठनों के भीम योद्धा कालाखेत घटना स्थल पर पहुंच कर पीड़ित और पीड़ित के परिवार से मिलकर उनको हर मुसीबत में उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया, और उनसे कहा कि हम सभी संगठनों ने प्रसाशन पर अपने अपने स्तर से दबाव बना रखा है आपकी एफ आई आर अवश्य होंगी, और परिणाम स्वरूप एट्रोसिटी एक्ट में एफ आई आर दर्ज हो गई। कालाखेत पहुंचने वालों में, शंकर लाल, दीपक चनियाल, हरीश सिनोली, नफीस अहमद खान, विनोद कुमार पिंटू, जितेंद्र वर्मा, विनोद बौद्ध, जी आर आर्य, मनोज कुमार मनु, जीवन चंद्र आर्य, विकास कुमार, हरीश लोधी, गजेंद्र पाल, लक्की राजपूत, अमित कुमार बौद्ध, जीतराम, अमित कुमार, विनोद कुमार, किशन चंद्र, सुरेंद्र थापा रहे।

## News कॉर्नर

### देर रात अराजकतत्वों ने किया मोहनको क्षेत्र में हंगामा

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल मोहनको क्षेत्र में देर रात हंगामा करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने देर रात चार लोगों को पकड़कर पुलिस एक्ट में कार्रवाई की है। बता दें कि मोहन को क्षेत्र के लोगों ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए क्षेत्र में देर रात अराजक तत्वों द्वारा हंगामा कर परेशान करने की बात कही थी। जिस पर कोतवाली पुलिस की ओर से बृहस्पतिवार की देर रात क्षेत्र में गश्त की गई। गश्त के दौरान क्षेत्र में चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कोतवाली में हंगामा करने पर युवकों को जमकर फटकार भी लगाई गई। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि हंगामा कर लोगों को परेशान करने वाले मल्लीताल निवासी साहिल, मनोज सिंह, बब्लू राम व सोनू सिंह के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### युवकों को गलत साइड टैक्सी बाइक दौड़ाना पड़ा महंगा

**नैनीताल ।** नगर में वीरवार की देर शाम को मॉलरोड में कुमाऊं आयुक्त के निरीक्षण के दौरान तीन युवकों को रौंग साइड प्रतिबंधित टैक्सी बाइक दौड़ाना महंगा पड़ गया। कुमाऊं आयुक्त के निर्देश पर तल्लीताल पुलिस ने तीनों टैक्सी बाइक सीज कर दी हैं। जानकारी के अनुसार वीरवार की देर शाम को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने तल्लीताल से मल्लीताल की ओर पैदल जाते हुए निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन प्रतिबंधित टैक्सी बाइकों में युवक रौंग साइड आते दिखने पर उन्होंने उनको रोक लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि रोजाना प्रतिबंधित टैक्सी बाइकें मॉलरोड में दौड़ रहे हैं। कुमाऊं आयुक्त ने मौके पर ही पुलिस ने तीनों टैक्सी बाइकों को सीज करने के निर्देश दिए। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि यातायात नियमों का उलंघन करने पर अल्मोड़ा निवासी नीरज रौतेला, देवेंद्र राम व तल्लीताल निवासी सिद्धार्थ सुमन के खिलाफ कार्रवाई की।

# जनसुनवाई में 80 आवेदन, कई समस्याओं का कराया समाधान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के दूरस्थ विकास खण्ड ओखलकांडा गांव नाई में जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। जनसुनवाई में कुल 80 आवेदन विभिन्न समस्याओं से सबंधित प्राप्त हुए जिसमें अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया गया।

इस दौरान क्षेत्र में पीएमजीएसवाई द्वारा निर्मित सड़कों में खराब गुणवत्ता की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी धारी एवं लोनिवि नैनीताल व भवाली के अधिशासी अभियंता की टीम बनाकर पीएमजीएसवाई की इन सभी सड़क मार्गो में कराए गए कार्यों की जांच के निर्देश दिए। शिविर में जिलाधिकारी द्वारा राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज नाई में छात्र छात्राओं की मांग पर चार अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण हेतु धनराशि की भी स्वीकृति प्रदान की गई। मानसून काल में क्षेत्र में स्वास्थ्य की समस्या के त्वरित समाधान एवं गर्भवती महिलाओं और आकस्मिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक सुविधा रखने



के निर्देश डीएम ने दिए। जनसुनवाई में अधिकांश समस्याऐं क्षेत्र में विभिन्न सड़क मार्गो का निर्माण किए जाने के साथ ही पूर्व में विधायक निधि से काटे गए सड़क मार्गो को पक्का किए जाने, सड़क मार्गो में जल भराव की समस्या के समाधान हेतु नाली एवं कलमठ की सफ ई करने, पीएमजीएसवाई द्वारा क्षेत्र में बनाए गए सड़कों की खराब गुणवत्ता को ठीक किए जाने, विभिन्न विद्यालयों में अध्यापकों की कमी बताते हुए रिक्त पदों को शीघ्र भरे जाने व क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों की छत एवं भवन की मरम्मत किए जाने, क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं दुरुस्त रखे जानेएजल जीवन मिशन के अंतर्गत अधूरे कार्यों को पूर्ण किए जाने एवं पेयजल की समस्या को दूर किए जानेए जंगली जानवरों से खेती को हो रहे नुकसान के बचाव हेतु गांव में घेरबाड़ किए जाने, वर्षात में क्षतिग्रस्त भवन एवं दीवारों की मरम्मत कराए जाने आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने सहित विभिन्न समस्या रखी गई। शिविर में विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, उपजिलाधिकारी के एन गोस्वामी सहित क्षेत्रीय जनता एवं विभागों के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# हल्द्वानी में सैनिकों के सम्मान को कल विशाल रैली का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल की महत्वपूर्ण बैठक को नैनीताल क्लब में प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़्वाल ने बताया कि भारतीय सैन्य बलों के अदम्य शौर्य के सम्मान में 1जून (रविवार) को हल्द्वानी में होने वाली जय हिंद रैली की तैयारियों को लेकर इस बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में प्रदेश सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा,पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी, पूर्व सांसद डा.महेंद्र सिंह पाल, प्रदेश महासचिव (संगठन) विजय सारस्वत, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, प्रदेश सचिव गिरिश पपने, पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल, जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष डा. भावना भट्ट समेत मुन्नी तिवारी, शैली नेगी, लता तरुण, सावित्री सनवाल, गीता मंडल, सुनीता आर्य, रईसा चिश्ती, देवकी, कमला फ र्त्याल, राधा ततराडी, धनी दुमका, ललिता खत्री, चेतना टंडन, पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी, संजय कुमार, विमल चौधरी, भुवन बिष्ट,सभासद अंकित चंद्रा, कुन्दन सिंह बिष्ट, जे.के.शर्मा, त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल, मनोज भट्ट, धीरज बिष्ट,पप्पू कर्नाटक,मनमोहन कनवाल, जयेष्ट प्रमुख हिमांशु पांडेय, राजेंद्र कोटलिया तथा दिनेश खेतवालआदि कई कांग्रेसी मौजूद रहे। बैठक का संचालन नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़्वाल ने किया।



# हत्यारोपी की पत्नी से थे मृतक के साथ अवैध संबंध

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

हत्यारोपी अनिल ने बताया कि उसकी पत्नी के मृतक के साथ अवैध संबंध थे और वह इससे पूर्व भी उसके घर में आकर सोता था इसी के चलते उसने अपनी पत्नी से फोन करके तरुण को बुलवाया और दोनों ने पहले साथ में शराब पी जब तरुण शराब पीकर उसके कमरे में ही सो गया तो अनिल ने घर के बाहर जाकर बराबर में बना रहे मकान से एक पत्थर उठाया और कमरे में जाकर उसके ऊपर पत्थर से कई बार कर दिए जिससे तरुण की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या रूपी अनिल का कहना है कि वह पिछले चार-पांच महीनों से, आर्थिक तंगी से ढूंढ रहा था क्योंकि उसका कारोबार नहीं चल रहा था। उसकी पत्नी ब्यूटी पार्लर भी चलती है। अनिल ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी गीता उसे सो रुपए रोजाना शराब पीने के लिए देती जिससे अनिल को काफी फील होता था अनिल ने पुलिस को बताया कि उसने करीब दो-तीन महीने से मकान का किराया नहीं दिया था जिससे वह काफी परेशान था और उसने गीता से मकान का किराया तरुण से मांगने के लिए कहा था। लेकिन गीता इनकार कर रही थी। अनिल ने बताया कि वह 10 दिनों से टुकटुक चला रहा था। अनिल को अपनी पत्नी से इसलिए गुस्सा था कि वह दूसरों के सामने उसकी बेज्जती करती थी इसी के चलते उसने उसके प्रेमी को मौत के घाट उतार दिया।

## पति पर लगाया मारपीट का आरोप

तरुण की हत्या आखिर क्यों हुई यह सबसे बड़ा सवाल है। क्या पत्नी भी तरुण से तंग आ चुकी थी, या फिर कोई और वजह थी। हालांकि इससे पूर्व में भी मृतक उसकी पत्नी के घर आता जाता था। महिला मृतक से कई बार कह चुकी थी कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट गाली गलौज करता है और वह अपने पति से छुटकारा पाना चाहती है मृतक महिला ने कई बार कहा कि वह अपने पति से तलाक ले रही है और वह उसे ही शादी करेगी इसीलिए मृतक किसी और से शादी नहीं करता था यह बात उसके पिता राधे श्याम ने बताई महिला का पति से तलाक लेना। यह महज एक ढोंग था या फिर गीता को कोई और मिल गया था। इसी के चलते उसने तरुण को देर रात फोन करके अपने घर बुलाया और पति के साथ मिलकर तरुण की हत्या कर दी ?

## पशु वधशाला खोलने की मांग

**नैनीताल ।** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से बीते 27 मई को सील पशु वधशाला खोलने की मांग को लेकर शुक्रवार को अंजुमन इस्लामिया के सदस्य पालिका दफ्तर में पहुंचे। वार्ता के दौरान अध्यक्ष की ओर पुराने मामले उठाने पर सभासद गुस्सा हो गए। इससे बैठक में हंगामा भी हुआ। समिति से जुड़े अन्य लोगों ने हस्तक्षेप से मामला सुलझा। बता दें कि बीते मंगलवार 27 मई को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वधशाला में ताला लगा दिया। सात जून (शनिवार) को बकरीद को लेकर अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल के पास पहुंचे।

# घात लगाए बैठे दबंगों ने युवक पर जानलेवा हमला किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**मुकदमा**

● 5 नामजद समेत कई अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

दूधिया नगर में घात लगाए बैठे दबंगों ने एक युवक पर जान लेवा हमला कर दिया। हमले में युवक के गंभीर चोटें आई। इस मामले में 5 नामजद समेत कई अन्य के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आजाद खां पुत्र दुल्हा खां निवासी वार्ड 13 दूधियानगर रुद्रपुर ने पुलिस को बताया कि 27 मई 2025 को उसका पुत्र शाबाब खान जिम के लिए समय लगभग रात्रि 8 बजे जा रहा था। तभी रास्ते में पार्षद वाली गली में राजू,अजय, दीपक, आजम, कासिम पुत्र अलीम समेत साथ में दो-तीन अन्य ने पुत्र देख कर उसे रोक लिया और गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। हमले में पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया कि जिम के लिए जा रहा था। बताया कि पहले से मौजूद लोग योजनाबद्ध तरीके से हाथो में लाठी डंडे, कांपा, तलवार व धारदार हथियार लेकर बैठे थे। पुत्र को अधमरा कर छोड़ गए। पुत्र को जान माल का खतरा बना हुआ है। बताया कि पुत्र को हायर सेन्टर सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में रेफर कर दिया पुत्र का इलाज चल रहा है। पुलिस ने घायल के पिता की तहरीर पर हमला करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# रुद्रपुर का चालक रांची में संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रक में लटका मिला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**हंगामा**

● शव पहुंचते ही परिजन पहुंचे ट्रांसपोर्टर कार्यलय, हंगामा, हत्या का आरोप

चौकी रम्पुरा क्षेत्र निवासी ट्रक चालक का शव रांची में वाहन के पीछे लोहे के एंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला । सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

सूचना पर मृतक के परिजन और वहां पहुंचे। शुक्रवार शाम को शव पहुंचते ही परिवार के लोग भी ट्रांसपोर्ट कार्यलय पहुंचे। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हंगामा की सूचना पर एसएसआई ललित मोहन रावल, चौकी बगवाड़ा से एसआई मोहन चंद जोशी, दलीप कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मी पहुंचे। पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। पुलिस के मुताबिक पहाड़गंज निवासी जीशान यहां करतारपुर



रोड एमएस वीजीएम एक्सप्रेस लोजिसट ट्रांसपोर्ट का वाहन चलाता था और वह 21 मई 2025 को वाहन संख्या यूके 06सीसी 0851 लेकर मानेश्वर से नोएडा और वहां से रांची झारखंड के लिए निकला था। 28 मई को रांची में ही जीशान जिस वाहन को लेकर गया था,उसी वाहन के पीछे लोहे के एंगल में लगे रस्सी बांधे लटका मिला था। सूचना पर वहां की पुलिस पहुंची। पुलिस ने मौका मुआयना के बाद पोस्टमार्टम को भेजा। इसकी सूचना ट्रांसपोर्टर को दी। यहां से परिवार के लोग पहुंचे। शुक्रवार शाम को परिवार के लोग शव लेकर यहां पहुंचे। बाद में परिजन शव लेकर ट्रांसपोर्टर कार्यालय पहुंचे।

एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि 112 की सूचना पर पुलिस वहां पहुंची। आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। उन्होंने बताया कि ट्रांसपोर्टर ने ही एंबुलेंस कर परिजनों को रांची भेजा। वह बाद में रांची जाएंगे।